भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 4246
सोमवार, 27 मार्च, 2023/6 चैत्र, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

"देखो अपना देश" अभियान

4246. श्री महाबली सिंहः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार "देखो अपना देश" अभियान शुरू करने का है ताकि घरेलू पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त अभियान/पहल के अंतर्गत बिहार में किन-किन पर्यटन स्थलों की पहचान की गई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन मंत्रालय ने जनवरी 2020 में देखो अपना देश पहल की शुरूआत की थी। 'देखो अपना देश' पर बल दिया जा रहा है और पर्यटन मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट और वेबसाइट पर तथा घरेलू भारत पर्यटन कार्यालयों के द्वारा इसका व्यापक रूप से प्रचार किया जा रहा है।

(ख): इस पहल के तहत मंत्रालय नागरिकों को देश में यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वेबिनार, प्रश्नोत्तरी, शपथ आदि का आयोजन कर रहा है। पर्यटन मंत्रालय ने "2022 की समाप्ति तक 15 गंतव्यों की यात्रा करने" के संबंध में MyGov प्लेटफ़ार्म पर देखो अपना देश 'शपथ' भी शुरू की थी, जिसे 2,51,089 नागरिकों ने लिया था। देश में घरेलू पर्यटन के संवर्धन हेतु देखो अपना देश के अंतर्गत अब तक 175 से अधिक वेबिनार भी आयोजित किए जा चुके हैं।

(ग): इस पहल के अंतर्गत वेबिनार के माध्यम से अल्प ज्ञात गंतव्यों सहित देश के पर्यटन स्थलों को व्यापक रूप से बढ़ावा दिया जाता है। बिहार के पर्यटन स्थलों को कवर करते हुए निम्नलिखित वेबिनार आयोजित किए गए हैं:-

1. "नालंदा: द अन्सिंट सीट ऑफ लर्निंग" पर वेबिनार।
2. "इन द फुट्स्टेप्स ऑफ बुद्ध" पर वेबिनार।
3. "एक्सप्लोरिंग बुद्धिस्ट सर्किट बाई ट्रेन" पर वेबिनार।
4. "फोक पेंटिंग्स ऑफ़ इंडिया" पर वेबिनार

****